राज्यपाल सचिवालय, बिहार

(जन–सम्पर्क शाखा)

राजभवन, पटना–800022

प्रेस–विज्ञप्ति

संख्या–158/2024

राज्यपाल ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर बिहारवासियों व देशवासियों को शुभकामनाएँ दी

पटना, 14 अगस्त, 2024 :– माननीय राज्यपाल श्री राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर ने स्वतंत्रता दिवस, 2024 के अवसर पर सभी बिहारवासियों एवं देशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दी है।

उन्होंने देश की आजादी के लिए अपने प्राण न्योछावर करने वाले सभी वीर शहीदों तथा महान स्वतंत्रता सेनानियों को नमन किया है।

अपने शुभकामना संदेश में राज्यपाल ने कहा है कि इस अवसर पर सभी देशवासियों को आपसी प्रेम और भाईचारा की भावना तथा देश की एकता और अखंडता को मजबूत रखने तथा भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए सदैव सजग, तत्पर और प्रयत्नशील रहना चाहिए। राज्यपाल ने विश्वास व्यक्त किया है कि राज्यवासियों के निष्ठा एवं परिश्रम से बिहार विकास के पथ पर सतत आगे बढ़ेगा तथा भारतवर्ष की गरिमा भी बढ़ेगी।

....